भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 978
जिसका उत्तर शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

**न्याय मित्र**

**978. श्री राजन बाबूराव विचारे :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री बताने कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा प्रस्तावित न्याय मित्र के लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या हैं ;

(ख) महाराष्ट्र के जिला न्यायालयों में लगाए जाने के लिए प्रस्तावित न्याय मित्रों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या देश विभिन्न जिला न्यायालयों लगभग 100 न्याय मित्र लगाए गए हैं ; और

(घ) यदि, हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

**(क) :** न्याय मित्र का उद्देश्य उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में 15 वर्ष पुराने लंबित मामलों के शीघ्र निपटान को सुकर बनाना है।

**(ख) :** महाराष्ट्र में, वर्ष 2019-20 के दौरान मुंबई सिटी सिविल न्यायालय, औरंगाबाद जिला न्यायालय औऱ नागपुर जिला न्यायालय में प्रत्येक में एक 3 न्याय मित्रों को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2021-22 के दौरान, नागपुर जिला न्यायालय में अप्रैल, 2022 से एक न्यायमित्र नियुक्त किया गया है।

**(ग) और (घ) :** 2017 में, न्यायमित्र कार्यक्रम के आरंभ से, कुल 38 न्याय मित्र को देशभर के विभिन्न न्यायालयों में नियुक्त किया गया था। तथापि, वर्ष

2020-2021 के दौरान कोविड महामारी द्वारा न्यायालयों के बंद होने और सामाजिक दूरी बनाये रखना प्रोटोकाल कारित होने के कारण किसी भी न्याय मित्र को नियुक्त नहीं किया जा सका । वर्ष 2021-2022 के लिए, अप्रैल, 2022 के मास में 11 जिला न्यायालयों में 11 न्यायमित्रों को नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए न्याय मित्र का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **उपाबंध-क** पर है।

**********

**उपाबंध - क**

| **श्री राजन विचारे, मंत्री द्वारा न्यायमित्र पर उठाये गए लोकसभा अतांराकित प्रश्न सं. 978 जिसका उत्तर 22.07.2022 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2017-2022 तक नियुक्त किए गए न्याय मित्र की अंतर्विष्ट संख्या का राज्य वार विवरण** | | | | | | | |
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **वर्ष 2017-2018** | **वर्ष 2018-2019** | **वर्ष 2019-2020** | **वर्ष 2020-2021** | **वर्ष 2021-2022** | **कुल** |
| 1. | असम | - | - | - | शून्य* | 02 | 02 |
| 2. | बिहार | 01 | - | - | | - | 01 |
| 3. | कर्नाटक | - | - | - | | 01 | 01 |
| 4. | महाराष्ट्र | - | - | 03 | | 01 | 04 |
| 5. | ओडिशा | | | 02 | | 02 | 04 |
| 6. | राजस्थान | 04 | 03 | 02 | | 01 | 10 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | 05 | - | 01 | | 02 | 08 |
| 8. | पश्चिम बंगाल | 04 | 01 | 01 | | 02 | 09 |
| | **कुल** | 14 | 04 | 09 | | 11 | 38 |

* वर्ष 2020-2021 के दौरान कोविड महामारी द्वारा न्यायालयों के बंद होने और सामाजिक दूरी बनाये रखना प्रोटोकाल कारित होने के कारण किसी भी न्याय मित्र को नियुक्त नहीं किया जा सका ।

**************